nandgaon times april-12-3.qxd 4/11/2026 10:35 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शहर का विश्वास, बच्चों का... पृष्ठ 2 | पीएमश्री स्कूलों के व्याख्याताओं... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

रविवार, 12 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 177, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

उद्योग और श्रम विभाग के आपसी समन्वय से संवर रहा है : छत्तीसगढ़

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस स्पष्ट नीति के साथ श्रमिकों और उद्योगों के समन्वित विकास को प्राथमिकता दी है, वह आज ठोस परिणामों के रूप में सामने आ रही है। श्रम विभाग की योजनाओं में यह भावना स्पष्ट झलकती है कि श्रमिक केवल आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि समाज की आधारशिला हैं। उनके जीवन में स्थायित्व, सम्मान और सुरक्षा लाना ही सच्चे विकास का संकेत है। 12 अप्रैल का यह विशेष अवसर उद्योग तथा श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के समर्पण, कार्यक्षमता और जनसेवा की भावना को याद करने का दिन है। आपके कुशल नेतृत्व से ही छत्तीसगढ़ प्रगति, समृद्धि और समान अवसरों का आदर्श राज्य बनकर उभरा है।

2026 रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ के विकास की वर्तमान यात्रा केवल योजनाओं और घोषणाओं की कहानी भर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे नेतृत्व की कथा है जिसने श्रमिक, युवा, उद्यमी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। इस परिवर्तनकारी दौर में उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उनका कार्य केवल प्रशासनिक दक्षता तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का जीवंत उदाहरण है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 25 वर्ष की अल्प आयु में उद्योग के क्षेत्र में जो एक नया इतिहास रचने का संकल्प लिया है वह किसी से छिपा नहीं है। उद्योग के क्षेत्र में आज छत्तीसगढ़ की अपनी एक अलग पहचान है। नई उद्योग नीति (2024-2030) में छत्तीसगढ़ के समावेशी विकास पर जोर दिया गया है।

श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों में सबसे प्रेरणादायक पहल श्रमिकों के बच्चों को उत्कृष्ट विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवर्तन का वह मार्ग है जिससे कि आने वाली नई पीढ़ी ज्ञान और अवसरों के माध्यम से अपना सुनहरा और सुरक्षित भविष्य स्वयं गढ़ सके। आज के संदर्भ में श्रमिक परिवारों के बच्चों का राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करना, एक नए छत्तीसगढ़ की तस्वीर प्रस्तुत करता है। इसके साथ ही मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को लाखों रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करना सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें प्रतिभा का सम्मान सर्वोपरि है। यह न केवल उन बच्चों के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि

पूरे श्रमिक समाज के लिए आत्मविश्वास का स्त्रोत भी है।

उद्योग और श्रम विभाग से आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पिछले दो वर्षों में सैकड़ों करोड़ रुपये सीधे श्रमिकों के खातों में हस्तांतरित किए गए हैं, जिससे न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ भी सुनिश्चित हुआ है। प्रतिदिन हजारों श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलना इस बात का प्रमाण है कि शासन की नीतियां धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। श्रमिकों के जीवन को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के लिए आवास सहायता, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, दुर्घटना में त्वरित आर्थिक सहयोग जैसी पहलें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विशेष रूप से ज्श्रम अन्न योजनाज् के अंतर्गत मात्र 5 रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन। ज्श्रम अन्न योजनाज् के अंतर्गत मात्र 5 रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना, एक मानवीय और संवेदनशील शासन का परिचायक है। औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भी मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के माध्यम से राज्य में निवेशकों को प्रोत्साहित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। करोड़ों रुपये के निवेश प्रस्ताव, सैकड़ों नए उद्योगों की स्थापना और हजारों युवाओं को रोजगार मिलना इस नीति की सफलता को प्रमाणित करता है। नवा रायपुर में देश का पहला एआई डाटा सेंटर स्थापित करने की दिशा में बढ़ता कदम, सेमीकंडक्टर और आईटी जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश, तथा स्टार्टअप नीति का क्रियान्वयन ये सभी पहलें छत्तीसगढ़ को पारंपरिक अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ाकर आधुनिक तकनीकी युग में स्थापित कर रही हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी नई दिशा देने वाला है। प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में ई-निविदा प्रणाली और सिंगल विंडो सिस्टम जैसे कदमों ने पारदर्शिता को बढ़ाया है जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है और राज्य में व्यापार करने की प्रक्रिया सरल बनी है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ आज निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। सामाजिक समावेशन को छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और दूरस्थ क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की योजनाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। सामाजिक समावेश नही किसी भी राज्य की वास्तविक प्रगति का आधार होता है। उद्योग तथा श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने गंभीर व दूर-दृष्टि सोच एवं विभागीय दायित्वों के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि यदि नेतृत्व में संवेदनशीलता और स्पष्ट दृष्टि हो, तो विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाता है। वहीं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के मार्गदर्शन में यह परिवर्तन और अधिक सशक्त और व्यापक रूप ले रहा है।

मोहला विकासखण्ड के ग्राम हथरेल में गूँजेगी शिक्षा और संस्कृति की गूँज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी जिले के ग्राम व सर्कल हथरेल स्थित गोंड़ समाज केन्द्र (सुवरबोड़) में रविवार 12 अप्रैल 2026 को सुबह 08 बजे से सांस्कृतिक, संवैधानिक एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समाज के युवाओं को भविष्य की राह दिखाने और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं सहित महाविद्यालयीन और स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में केवल छात्र ही नहीं, बल्कि समाज के प्रबुद्ध जन, महिला वर्ग, पुरुष वर्ग और कर्मचारी वर्ग भी शामिल होकर संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक उत्थान पर चर्चा करेंगे। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजिक संस्थान उत्थान जिला बालोद श्री तुकाराम कोर्राम, गोंडवाना समाज के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष श्री श्याम सिंह कौड़ो, गोंडवाना समाज के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी बालोद श्री चंद्रेश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार गोटे, खाद्य निरीक्षक श्री धरमुराम किरो, सर्कल अध्यक्ष भोजटोला श्री केजुराम बोगा, सर्कल अध्यक्ष बोटेझर श्री भावसिंह कुमोटी, सर्कल अध्यक्ष मड़ियानवाड़ी श्री रैयसिंग सोरी, सर्कल अध्यक्ष हथरेल श्री सुखराम तुलावी, हथरेल सर्कल सचिव श्री प्रेमलाल मंडावी, बोटेझर सर्कल सचिव श्री दिनेश कुमार धुर्वे, सर्कल सचिव भोजटोला श्री रेशम नुरेटी, सर्कल सचिव मड़ियानवाड़ी श्री शेषराम धुर्वे व्याख्याता श्री जे. आर. कोरचे, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के ब्लॉक सचिव मोहला श्री मन्ने मंडावी, सचिव श्री सीताराम उपस्थित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।14 अप्रैल डाक्टर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर भरकापारा अशोक स्तम्भ चौक में आकर्षक सजावट बौद्ध अनुयायियों द्वारा की गई है।

गुंगेरी नवागांव स्कूल में शिक्षको व बच्चों द्वारा पक्षियों को गर्मी में राहत देने के लिए दाने पानी पेड़ में बांधे सकोरा व मटकी

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में शिक्षकों व बच्चों द्वारा तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए बेजुबान पक्षियों के दाने पानी के लिए पेड़ो में सकोरा व मटकी बांधे गए हैं , इस सकोरा मटकी में

प्रतिदिन दाना पानी की व्यवस्था की गई है इस पहल में संकुल समन्वय नीलमणी साहू, प्रधानपाठक देववती साहू, शिक्षक गैंद लाल डहरे, माधव साहू ,शिक्षिका दीपिका साहू, अंजु देवांगन, , टीलेश्वर साहू , अमरनाथ एवं शाला के बच्चे कुमारी नेहा, नागेश्वर साहू,प्रियंका, सुलेखा, धनेश्वरी,मीरा साहू व अन्य पालक,ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने प्रशासन की टीम पहुँची शहर की कालोनियो में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारत सरकार की प्रमुख योजनाओ में लाभकारी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन शहर में किए जाने तथा घरेलू बिजली बिलो में कटौती करने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ उपभोक्ताओ को अधिक से अधिक मिल सके। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देश पर प्रशासन की टीम द्वारा निगम सीमाक्षेत्र के कालोनियो में जा कर कालोनिवासियो से ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में नगर निगम एवं विद्युत मण्डल के अधिकारी कालोनियो मे जाकर प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना का लाभ देने व्यापक प्रचार प्रसार कर रहे है। इस सप्ताह नेहरू नगर, अभिनंदन रुकेश्री, जीवन कालोनी आशानगर, रिद्धी सिद्धी कालोन एवं साहू अपार्टमेंट में प्रशासन की टीम जाकर सौर ऊर्जा का लाभ लेने

जानकारी देकर प्रेरित किए। विद्युत मण्डल के अधीक्षण अभियंता श्री एस.कवर, कार्यपालन अभियंता श्री कौशलेन्द्र पाण्डे, नगर निगम के कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके ने सयुक्त रूप से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में अलग अलग दिन जाकर कालोनिवासियो को जानकारी दी कि योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैंक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार सोलर पैनल लगाना है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनाने की दिशा में घरेलू बिजली बिल में कटौती करने तथा परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत की निर्भरता को कम करने सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए सशक्त बनाना है।

बच्चों का सर्वांगीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता - कलेक्टर

कलेक्टर ने निःशुल्क कोचिंग और समर कैंप की तैयारी शुरू करने के दिए निर्देश, कलेक्टर ने शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा विभाग के प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में शीघ्र ही नि:शुल्क कोचिंग सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध शासकीय भवनों एवं हॉल का उपयोग कर शीघ्र नि:शुल्क कोचिंग की शुरूआत सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यक फर्नीचर, ब्लैकबोर्ड, पुस्तकें एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था करने तथा योग्य शिक्षकों की सेवाएं निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्यरत अनुभवी शिक्षकों को जोड़ते हुए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से पढ़ाई संचालित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूली विद्यार्थियों के लिए समर कैंप आयोजित किए जाएं। समर कैंप में पढ़ाई के साथ-साथ योग, खेलकूद एवं

अन्य गतिविधियों को शामिल करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, चैट जीपीटी एआई का उपयोग, बैंकिंग प्रक्रिया, पुलिस स्टेशन, अस्पताल, पोस्ट ऑफिस एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की जानकारी देने हेतु शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाए, ताकि उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़ सके। उन्होंने विद्यालयों से जुड़े पूर्व विद्यार्थियों को भी जोड़ने कहा। जो लोग विद्यालय में पढ़कर जीवन में सफल होकर आगे बढ़े हैं, उन्हें अपने विद्यालय के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए शिक्षा क्षेत्र में नवाचार एवं गुणवत्ता सुधार के लिए सतत प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्राचार्यों की पहचान कर उन्हें नियमित रूप से प्रोत्साहित करें। प्रत्येक माह बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की व्यवस्था करें, जिससे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने विद्यालयों के परिणाम सुधार के लिए सतत मॉनिटरिंग, डेटा विश्लेषण एवं समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय स्तर पर छोटे-छोटे समूह बनाकर चर्चा एवं फीडबैक की व्यवस्था करें, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य उपस्थित थे।

शिकारी टोला में स्व. श्री अवध राम देवांगन की स्मृति में भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम शिकारी टोला में स्वर्गीय श्री अवध राम देवांगन की पुण्य स्मृति में 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का रसपान कराने के लिए व्यासपीठ पर सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री विराजमान हैं। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक निर्धारित किया गया है।आयोजन के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताओं, बहनों एवं श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान भजनों एवं जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के पश्चात कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन महाराज श्री ने गोकर्ण की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और धर्म लाभ लिया।दूसरे दिन की कथा में पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने जीवन और मरण के रहस्य को समझाते हुए सुखदेव जन्म तथा राजा परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि यह मानव जीवन दो दिन का है। पहला जन्मदिन और दूसरा जीवन का अंतिम दिन।

इन दोनों के बीच का समय ही जीवन का खेल है जो भगवान हमारे साथ खेलते हैं। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन में सत्कर्म करने चाहिए और भगवान का भजन करना चाहिए। कथा के दौरान संगीत में कल्पी दुबे के मुखारविंद से प्रस्तुत भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य यजमान ने किया कथा श्रवण

इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य यजमान परीक्षित के रूप में श्रीमती सुनीता भरत लाल देवांगन एवं श्रीमती रश्मि अशोक कुमार देवांगन पूरे परिवार सहित उपस्थित रहकर कथा का बड़े ध्यानपूर्वक श्रवण कर रही हैं। आयोजन को सफल बनाने में देवांगन परिवार सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

कथा विवरण: - आयोजन: स्वर्गीय श्री अवध राम देवांगन की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा - कथावाचक: पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री - तिथि: 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 - समय: दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक ।

शहर का विश्वास, बच्चों का भविष्य : सांसद संतोष पांडे ने रुद्राक्षम् को बताया नया सोपान कहा यहीं से रखी जाएगी भविष्य की नींव

राजनांदगाँव में शिक्षा की नई क्रांति: रुद्राक्षम् इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन देगा वैश्विक स्तर की पढ़ाई, वो भी कम शुल्क में

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के शिक्षा जगत में एक नई क्रांति की शुरुआत करते हुए रुद्राक्षम इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन का भव्य उद्घाटन आज क्षेत्र के माननीय सांसद संतोष पांडे जी के करकमलों से संपन्न हुआ। यह विद्यालय विशेष रूप से कम फीस में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है, जिससे क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा सुलभ हो सके।

अपने उद्बोधन में सांसद संतोष पांडे ने कहा कि राजनांदगाँव में च्च्रुद्राक्षम्ज्ज् एक ऐसा नाम है जिस पर पूरा शहर विश्वास करता है। उन्होंने इस पहल को एक नए सोपान, मजबूत नींव और उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत बताते हुए कहा कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी रेखा संतोष पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल जाना केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह जीवन और करियर को बेहतर बनाने वाला अनुभव होना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि रुद्राक्षम इंटरनेशनल स्कूल ऑफएजुकेशन में छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ एक संतुलित और शानदार जीवनशैली का प्रशिक्षण मिलेगा।

रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा खेल, शिक्षा, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं नशे से दूरी जैसे पाँच प्रमुख उद्देश्यों पर सतत कार्य किया जा रहा है। संस्था द्वारा खेल, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं नशे से दूरी के क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से कार्य किया जा रहा था, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में अब इस विद्यालय के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से कम फीस में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि इस विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र एक मिलनसार और जीवंत शैक्षणिक समुदाय का हिस्सा बनेंगे, जो उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं वरिष्ठ पार्षद सुनील कन्हैया साहू ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान विद्यार्थियों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए एक आदर्श मंच सिद्ध होगा। स्कूल मे पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। विद्यालय में म्यूजिक, डांस, शतरंज,आर्ट्स, रोबोटिक्स जैसे आधुनिक एवं रचनात्मक विषयों में भी छात्रों को दक्ष बनाया जा रहा है। एक अच्छा विद्यालय ही एक सशक्त और संस्कारित समाज की नींव रखता है, और रुद्राक्षम इसी दिशा में एक सार्थक पहल है। पटरीपार क्षेत्र में स्थापित यह विद्यालय नई पीढ़ी के लिए शिक्षा का एक नया आयाम प्रस्तुत करेगा। उद्घाटन समारोह में आशुतोष सिंग, देवेश वैष्णव, गेमू कुंजाम, स्कूल की प्राचार्या सरिता चौबे, शिक्षिका जान्हवी साहू, पूजा वासनिक, नम्रता ध्रुव, डॉली साहू सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं के पालकगण एवं क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं शिक्षा के नए युग की शुरुआत के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

ऊंट के मुंह में जीरा के समान महंगाई भत्ता वैष्णव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय ग्लुकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला किसान कांग्रेस राजनंदगांव प्रभारी महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव ने डबल ईजन के सरकार कड़ा विरोध किया छत्तीसगढ़ अनुसूचित नियोजन भाग एक 45 नियोजन के लिए मंहगाई भत्ता 1 वर्ष में बढ़ोतरी किया गया जिसमें प्रतिदिन 8 रू महीना 226 रूपये बढ़ोतरी मजदुरो के लिए ऊठ के मुंह में जीरा समान है देश एवं प्रदेश मंहगाई चरम सीमा पर है लेकिन डबल ईजन के सरकार मझदुरो के छल कर रहा है छत्तीसगढ़ न्युनतम वेतनमान अधिनियम 1948 तहत हर छ महीने बढ़ोतरी किया जाता है लेकिन अक्टूबर 2025 में छत्तीसगढ़ शून्य रूपए दिया था 1 वर्ष में 226 बढ़ोतरी मोदी एवं सायं सरकार मझदुरो के चार कानून पोल तरी ढोल नजर आ रहा डबल ईजन के सरकार मझदुरो असंतोष पनप रहा है भाजपा सरकार उद्योगपर्ति

विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति भुगतान के लिए आधार सीडेड खाता अनिवार्य

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिले के समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाना है। शासन द्वारा लिए गए इस निर्णय के तहत विद्यार्थियों के बैंक खातों का आधार से सीडेड होना अनिवार्य किया गया है। जिले में राज्य छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अब तक 37 हजार 599 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है। हालांकि, संस्थाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक विद्यार्थियों के बैंक खातों में अभी भी आधार सीडिंग नहीं होने की स्थिति सामने आई है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले के सभी शाखा प्रबंधकों एवं डाक विभाग को निर्देशित किया है कि वे विद्यालयों में शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के निःशुल्क आधार सीडेड बैंक खाते खोलें। साथ ही जिन विद्यार्थियों के खातों में आधार सीडिंग नहीं हुई है, उनके खातों को शीघ्र आधार से लिंक किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदायित छात्रवृत्ति राशि का लाभ समय पर मिल सके।

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान हेतु डोंगरगांव ब्लॉक की अहम बैठक संपन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आगामी चुनावों में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बैठक डोंगरगांव ब्लॉक में विभिन्न गांव में आयोजित की गई प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में, बूथ चलो-गांव चलो के मूल मंत्र को साकार करने हेतु कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई गई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष टिकेश साहू के नेतृत्व में संपन्न हुई इस बैठक में संगठन की मजबूती और बूथ कमेटियों के पुनर्गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से अर्जुनी प्रभारी बलिराम साहू और प्रभारी संध्या साहू उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत केसला, खुज्जी, तेंदुनाला, मनेरी, मोहड़, दीवानभेड़ी और बरगांव जैसे क्षेत्रों में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हर बूथ पर सक्रिय लोगों को प्राथमिकता देनी है ताकि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान की जा सके। सभी ने एक स्वर में संगठन को और भी सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



इस सांगठनिक बैठक में क्षेत्र के ऊर्जावान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे: नेतृत्व एवं समन्वय: साथ में अर्जुनी प्रभारी बलिराम साहू सुयश नाहटा रवि साहू संध्या साहू रोशन यदु मुरली निषाद लीलम गोस्वामी लिलेश पटेल मोहनीश साहू चुम्मन साहू देवेंद्र साहू दीपक देवांगन कुंभ जोशी ईवन साहू बसंत साहू अनिल साहू किशोर बनाफर प्रमोद साहू भूषण देवांगन जनक सिन्हा रुपेश साहू अजय साहू संजय भट्टाचार्य मयंक यदु उपस्थित थे , ?बैठक के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे बूथ चलो-गांव चलो अभियान को सफल बनाएंगे और घर-घर जाकर संगठन की विचारधारा को मजबूती से रखेंगे।

सनातन धर्म महासभा द्वारा शहर अध्यक्ष पद हेतु मनोज शुक्ला उपाध्यक्ष पद हेतु हेमंत खंडेलवाल नियुक्त

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आज सनातन धर्म महासभा द्वारा जलाराम मंदिर कैलाश नगर में श्याम 5:00 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सनातन धर्म महासभा के संतोष पटाक प्रदेश संरक्षक शारदा तिवारी महिला अध्यक्ष मौसमी ममता शर्मा जिला संयोजक मुकेश चौबे जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल संजय अग्रवाल की अनुशंसा पर शहर अध्यक्ष पद हेतु मनोज शुक्ला उपाध्यक्ष पद हेतु हेमंत खंडेलवाल सचिव पद हेतु भोला यादव शहर प्रभारी हेतु संजय सरोदे नभिताभ जैन रूपेश दुबे शहर प्रवक्ता हेतु विमल हजरा महिला मंडल शहर प्रभारी मधु खंडेलवाल शहर संयोजक उषा खंडेलवाल सास्किकृतक संयोजक रेखा सिह सहसंयोजक गायत्री अग्रवाल पुष्पा अग्रवाल की नियुक्ति करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक नेहम सब के सनातन धर्म को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी देते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु पूरे शहर में कंधे से कंधा मिलाकर सभी को सनातन धर्म से जोड़ने की अपील की है और हम सब के सनातन धर्म को आगे बढ़ाने को कहा गया इस शुभ अवसर पर सभी को सनातन संस्कृति के अनुसार दीपक जलाकर भगवान रामजी हनुमान जी की आरती करके सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का पुष्पहारव दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

ठाकुर प्यारेलाल सिंह न.पा.नि. उ.मा.शाला राजनांदगांव का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कक्षा 9 वी. में नंदनी मानिकपुरी 78.03 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर तथा खिलेश्वरी सिन्हा 75.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही । स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह नं.पा.नि.उ.मा. विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत्र 2025-2026 का प्राचार्य मान. आर.एस.बघेल द्वारा प्रात: 9.00 बजे घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 9 वी.की छात्रा नंदनी मानिकपुरी 78.03 प्रतिशत प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में प्रथम तथा कक्षा 9 वी. की खिलेश्वरी सिन्हा 75.16 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही है। कक्षा 9वी.- कुल छात्र 57, परीक्षा में प्रविष्ट 52, प्रथम श्रेणी 06, द्वितीय श्रेणी 16, तृतीय श्रेणी 07, उत्तीर्ण का प्रतिशत 55.07 । कक्षा 11वी.- कला विज्ञान एवं वाण्जिय संकाय- कुल विद्यार्थी 83, परीक्षा में प्रविष्ट 79, उत्तीर्ण 65, प्रथम श्रेणी 13, द्वितीय श्रेणी 39 , तृतीय श्रेणी 13, प्रतिशत 82.27 प्रतिशत । कक्षा 9वी. में प्रविण्य सूची- प्रथम स्थान कु. नंदनी 600/470 = 78.03 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कु. खिलेश्वरी 600/451 = 75.16 कक्षा 11 वी. में प्रथम एवं द्वितीय स्थान- प्रथम स्थान कु. मुस्कान (गणित संकाय) 500/373 = 74.06 प्रतिशत, द्वितीय स्थान- कु. प्रेरणा (गणित संकाय) 500/365 = 72 प्रतिशत विद्यालय के प्राचार्य श्री आर.एस.बघेल, परीक्षा प्रभारी श्री प्रकाश यादव, वरिष्ठ अध्यापक एस.के. भालाधरे, एन.पी.दुबे, आर.के. कुशवाहा, एन. बघेल, हेमंत सोनवानी, श्रीमति सुमती बक्सी, श्रीमति के. निशा, श्रीमति अल्का पाल, श्रीमति सरोज गोरे एवं विद्यालय के अन्य अध्यापकों ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की है।

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी पीएम आवास योजना 2.0 पर लगा ग्रहण

राजस्व व नगरपालिका की लापरवाही का परिणाम भुगतेंगे गरीब हितग्राही - रामकृष्ण कन्नौजिया पूर्व नपा उपाध्यक्ष

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। प्रचलित आबादी भूमि पर काबिज गरीब हितग्राहियों का स्वयं का मकान बनाने के सपने पर ग्रहण सा लगता नजर आ रहा है और राजस्व विभाग व नगरपालिका की लापरवाही के चलते केंद्र में बैठी मोदी सरकार की जनहितकारी योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमटने का आरोप लगाते हुए पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष रामकृष्ण कन्नौजिया ने कहा कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दूसरे चरण की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को सम्मिलित किए जाने की प्रक्रियाओं पर पानी फेरते हुए आदेश का घोर उल्लंघन किया गया है। श्री कन्नौजिया ने बताया कि उन्हें जानकारी प्राप्त हुई है कि जिसमें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग महानदी भवन रायपुर के द्वारा पत्र क्रमांक क्क्रहछ्ठ-201/32/2025-ष्ठ द्वारा जारी आदेश में समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिशा निर्देश अनुसार 31 मार्च 2026 तक कार्यवाही प्रस्तुत किए जाने आदेशित किया गया था। जिसमें 31 अगस्त 2024 के पूर्व मकानों में आवासरत है व उनके पास पट्टा नहीं है उन्हें शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राही में शामिल कर सर्वेक्षण दल का गठन कर प्रत्येक वार्डवार संबंधित वार्ड के उप अभियंता, राजस्व निरीक्षक, पटवारी व नपा अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में सर्वेक्षण रिपोर्ट बनाकर तीन दिवस के भीतर नोडल एजेंसी राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाना था परन्तु योजना का क्रियान्वयन कागजों पर ही सिमटा रह गया और गरीब हितग्राहियों का स्वयं का मकान बनाने का सपना अधूरा रह गया। वहीं दूसरी ओर बताया गया कि राजस्व विभाग से डोंगरगढ़ में आबादी भूमि की जानकारी में बधियाटोला में कुछ लगानी तो नगर में कुछ घास भूमि के आलावा पूरा नगर नजूल में शामिल होने की जानकारी सामने आई है जिसमें लोग पंद्रह से बीस वर्षो से भूमि पर काबिज हैं उन्हें इस योजना का लाभ दिए जाने के उद्देश्य से केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने दूसरे चरण की जनकल्याणरी योजना का प्रारंभ किया गया था। जिसका हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पाया और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 पर ग्रहण सा लग गया। श्री कन्नौजिया ने केंद्र सरकार से अपील व मांग की गई है कि योजना के लाभ से वंचित हितग्राहियों के लिए पुन: तीसरे चरण की योजना प्रारंभ की जाए जिससे हितग्राहियों का स्वयं का मकान बनाने का सपना साकार हो सके।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

आम-सूचना

दिनांक 08/04/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिल्लु प्रसाद पिता/पति आशाराम निवासी जनता कॉलोनी लखौली की ग्राम गुमा प.ह.न 32. राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 19 (धनेली) तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 275 रकबा 0.3280 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक का क/वाचक/तह.2026 आदेश दिनांक 06/04/2026 के परिपालन में दिनांक 13/04//2026 को समय 2:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अत उक्त सीमाकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैद्य अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

केवायसी के नाम पर महिलाओं को परेशान न करे सरकार : आसिफ अली



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। चुनाव से पहले महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए देने का वादा करने वाली सरकार अब अपनी बातों से मुकरती नजर आ रही है। बाल विकास विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि योजना का लाभ पाने के लिए हर महिला का केवायसी करना अनिवार्य है और इसके लिए अपने वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र से संपर्क करना होगा, लेकिन जब महिलाएं अपने वार्ड के आंगनबाड़ी पहुंचती हैं, तो उन्हें सर्वर की समस्या या आईडी चेकिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई वार्डों में उन्हें दूसरे वार्ड जाने को कहा जा रहा है। इससे महिलाएं अपना दैनिक कार्य छोड़कर लगातार भटक रही हैं और महतारी योजना के तहत मिलने वाली राशि अब उनके लिए परेशानी का कारण बन गई है। विभाग की तरफ से केवायसी की सुविधा नि:शुल्क कही जा रही है, परन्तु हितग्राहियों की ओर से लगातार शिकायत की जा रही है कि चॉइस सेंटरों में उनसे केवायसी के नाम पर 50 से 100 रुपये तक वसूले जा रहे है, जिससे उन्हें दोहरी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता आसिफ अली ने सरकार पर सीधा आरोप लगाया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना विफल हो चुकी है और केवायसी के नाम पर हितग्राहियों की संख्या कम करना सरकार का असल मकसद है। आसिफ अली ने बाल विकास विभाग से मांग की है कि हर वार्ड में शिविर लगाकर महिलाओं का केवायसी कराया जाए और किसी भी महिला की राशि रोकने का मामला न बने।

नाम परिवर्तन

शपथपत्र

मैं शपथकर्ता प्रकाश, पिता श्री रतनू यादव, आयु 22 वर्ष, निवासी ग्राम अवेली, पोस्ट सलौनी, तहसील खैरागढ़, जिला के.सी.जी. (छत्तीसगढ़) का रहने वाला हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम ओमप्रकाश रतनु यादव (Omprakash Rratanu Yadav) तथा राशन कार्ड में ओमप्रकाश (Omprakash) अंकित है, जो त्रुटिपूर्ण है। जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा सही नाम प्रकाश (Prakash) अंकित है, जो पूर्णतः सत्य एवं सही है।

यह कि मैं अपने नाम में एकरूपता लाने हेतु अपने समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय, बैंकिंग, आधार कार्ड, राजस्व अभिलेख एवं अन्य सभी दस्तावेजों में अपना सही नाम प्रकाश (Prakash) दर्ज कराना चाहता हूँ तथा भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाऊँगा। यह कि ओमप्रकाश रतनु यादव, ओमप्रकाश एवं प्रकाश-ये तीनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् शपथकर्ता स्वयं के हैं, कोई अलग-अलग व्यक्ति नहीं हैं। यह कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित नहीं है तथा न ही किसी बैंक में कोई बकाया ऋण शेष है। यदि भविष्य में कोई त्रुटि या गलत जानकारी पाई जाती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। यह कि यह शपथ पत्र नाम सुधार / नाम परिवर्तन की पुष्टि एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

स्थान : राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक : 10/ 04 / 2026

प्रकाश
पिता श्री रतनू यादव
तहसील खैरागढ़
जिला के.सी.जी (छ.ग.)

शुभांक

4-9-0

678-2 468-8

नाम परिवर्तन

मैं बुद्धराम निषाद सुपुत्र/सुपुत्री भगवत निषाद गांव/शहर खैरी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम हुकुम निषाद (Hukum Nishad) से बदल कर हुकुमचंद (Hukumchand) रख लिया है।

बुद्धराम निषाद
सुपुत्र/सुपुत्री भगवत निषाद
गांव/शहर खैरी
तहसील डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं रेखा रोमनकुमार गंगाकचूर सुपुत्र/सुपुत्री/पति रोमनकुमार गंगाकचूर गांव/शहर कल्लूबंजारी तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम रेखा रोमनकुमार गंगाकचूर से बदल कर रेखा गंगाकचूर (Rekha Gangakachur) रख लिया है।

रेखा रोमनकुमार गंगाकचूर
सुपुत्र/सुपुत्री/पति रोमनकुमार गंगाकचूर
गांव/शहर कल्लूबंजारी
तहसील छुरिया
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

निधन

भगवान दास साहू



डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर पंचायत श्रेत्र के मटिया वार्ड निवासी एवं एम पी डेली नीड्स के संचालक भगवान दास साहू 75 वर्ष का निधन 11 अप्रैल को हो गया है, वे हेमनाथ , नोहर , उत्तम , लेखराज , मेघप्रताप , साहू के पिता थे उनका अंतिम संस्कार मटिया मुक्तिधाम में किया गया, अंतिम संस्कार में मोहल्लेवासी नगरवासी परिवार वाले शामिल हुए थे।



कार्यालय, अधीक्षक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

Phone- 07744-299703

email- eeraj-phe-cg@nic.in

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विकासखंड डोंगरगांव के निम्नलिखित ग्रामों में निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद निविदायें दिनांक 08.04.2026 को आमंत्रित की जाती है। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्यूल अनुसार)

निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.04.2026 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु. लाख में	निविदा प्रपत्र
1	02	ग्राम पोरदा में पाईप लाईन जोड़ने बिछाने एवं अन्य कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्यूल अनुसार)	19.99	अ
2	03	ग्राम तुमड़ीबोड़ में 40 कि.ली. तथा 12 मी. ऊंचाई के आर.सी.सी. उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्यूल अनुसार)	12.57	फ

जी- 262700126

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202604092200006

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2025-2026
बधियाटोला प.ह.न. 00023 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार रणविजय सिंह, रणविजय सिंह,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रणविजय सिंह आ. अजय सिंह जाति राजपूत सा. इंदिरा नगर वार्ड नम्बर 04 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं रणविजय सिंह आ. अजय सिंह का जन्म दिनांक 01/05/2006 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/04/2026 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार डोंगरगढ़**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

नोटिस

रा.प्र.क्र. 202510091000012 अ/6 वर्ष 2025-2026 ग्राम-बरसनटोला, तहसील-डोंगरगांव

प्रति,

1. बोहरन निषाद आ. छबीलाल निषाद निवासी ग्राम बरसनटोला, तहसील डोंगरगांव
2. सुरेश निषाद आ. स्व. जोहरन निषाद
3. उमेश्वरी आ. स्व. जोहरन निषाद
4. नीलम आ. स्व. जोहरन निषाद
5. लक्ष्मी कुमारी आ. स्व. जोहरन निषाद
6. सुशीला ध.प. स्व. जोहरन निषाद क्रमांक 2 से 6 सभी निवासी ग्राम माहुद तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

विषय :- सुनवाई हेतु उपस्थिति बाबत।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि अपीलार्थीगण उमेश निषाद आ. स्व. जोहरन निषाद एवं अन्य 01. दोनों निवासी ग्राम माहुद, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद द्वारा ग्राम पंचायत अमलीडीह के प्रस्ताव क्रमांक 01 दिनांक 31.05.2004 के आधार पर किये गये नामांतरण क्रमांक 77 दिनांक 16.05.2004 से व्यथित होकर अपील अंतर्गत धारा 44 (1) छ.ग.भू.रा. संहिता के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.04.2026 को इस न्यायालय में दोपहर 3.00 बजे की जावेगी। जिसमें आप स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः सूचना जाने।
जारी दिनांक - 25/03/2026
सुनवाई दिनांक - 16/04/2026

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव**

ज्ञान मंथन

1) भारतीय भाषा उत्सव 2025 का आयोजन कहाँ किया गया था?
2) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने विधानसभा चुनावों के दौरान पहली बार च्नीलाज् नामक मानवरूपी रोबोट तैनात किया?
3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?
4) स्नेकहेड मछली की नई प्रजाति चन्ना भोई की खोज भारत के किस राज्य में हुई थी?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) नई दिल्ली (2) पुदुचेरी (3) कटक (4) मेघालय (5) के. पवन कल्याण

कोटरासरार में 24 लाख विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। जनपद पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटरासरार में 24 लाख की लागत से मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों का भूमिपूजन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम में निम्न कार्यक्रम में महिला भवन मे शौचालय निर्माण 2.00 लाख, पाइप लाइन विस्तार वार्ड नं 02 में 2.00लाख,बजरंगबली मंदिर जीर्णोद्धर कार्य नया तालाब के पास 4.98 लाख,नया तालाब निर्माण कार्य इतवारी पटेल के खेत के पास 5.00 लाख,बड़े तालाब गहरीकरण कार्य 10.00 लाख निश्चित ही इस कार्य में गांव में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में इस ग्राम को विकास की बड़े स्वरूप प्रदान की गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम के इस अवसर पर मनीष साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, रेशमा साहू सभापति जनपद पंचायत , एवं ग्राम पंचायत के सरपंच पंचगण व ग्रामीण शामिल हुए और विकास कार्य के प्रति खुशी जाहिर की और ग्रामीणों ने आभार प्रकट की गई है।



श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के पदाधिकारियों ने की माननीय विधानसभा अध्यक्ष से सौजन्य भेंट

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन के नेतृत्व में समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने राजनांदगाँव के लोकप्रिय विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ रमन सिंह जी से रायपुर उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा उनके स्वास्थ लाभ के लिए परंपिता परमेश्वर से उनके शतायु जीवन की मंगल कामना की। भेंट के दौरान समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन, विजय हरिहारनों, कचरू प्रसाद शर्मा, हरजीत सिंह भाटिया जी द्वारा अपने 23 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल में डॉ रमन सिंह जी द्वारा राजनांदगाँव ज़िला एवं छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शिवनाथ नदी मोहारा में प्रस्तावित लक्ष्मण झूला एवं भंवरमरा ऑक्सीज़ोन को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने हेतु उनकी स्वीकृति से बजट में सम्मिलित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु निवेदन किया। माननीय डॉ रमन सिंह जी ने उनकी माँगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया तथा शिवनाथ नदी के विकास, सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की सक्रियता की प्रशंसा की।

पीएमश्री स्कूलों के व्याख्याताओं का आईआईटी भिलाई में साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबिलिटी आधारित प्रशिक्षण संपन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ के अनेकों पीएमश्री स्कूल अंतर्गत अध्यापन कार्य कर रहे विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के क्षमता विकास हेतु एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम के साथ छत्तीसगढ़ के 148 विज्ञान एवम गणित शिक्षकों ने आईआईटी भिलाई में प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें राजनांदगांव जिले से पीएमश्री सर्वेश्वर दास स्कूल राजनांदगांव से आस्था वैष्णव व्याख्याता रसायन पीएम श्री सेजेस छुरिया से विवेक देवांगन व्याख्याता भौतिक विज्ञान पीएम श्री सेजेस डोंगरगांव से आकांक्षा सिंह व्याख्याता भौतिक विज्ञान, पीएम श्री सेजेस डोंगरगढ़ से दीपशिखा बावनकर व्याख्याता भौतिक विज्ञान ने हिस्सा लिया। भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना और देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पीएम श्री स्कूल, अन्य स्कूलों के लिए रोल मॉडल होंगे ताकि शिक्षा में समानता और गुणवत्ता लाई जा सके जहाँ डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, लैब्स, ग्रीन स्कूल, खेल और कौशल शिक्षा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराया जा रहा है ।परीक्षा आधारित शिक्षा से हटकर प्रयोगात्मक और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना एवम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना। पीएम श्री स्कूल में सेवायें प्रदान कर रहे शिक्षकों को भी नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित करना आवश्यक है । इसी उद्देश्य से राज्यभर से 148 शिक्षकों का प्रशिक्षण आईआईटी भिलाई में आयोजित हुई है जिसमे शिक्षकों को सिक्योरिटी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब थ्रीडी प्रिंटर, नेचर लैब, गूगल क्लासरूम, सायबर सायकोलाजिकल इंपैक्ट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन प्लेटफार्म आधारित बेहतर कक्षा संचालन के तरीके सिखायें गए एवं आईआईटी के रसायन, भौतिकी, कंप्यूटर, मेकाट्रोनिक्स लैब एवम केंद्रीय उपकरण सुविधा का अवलोकन करवाया गया एवं टेक्नोलॉजी और शोध से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम के समापन में शिक्षकों द्वारा कुछ सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें नृत्य, गायन और नाटक शामिल थे। इसके अलावा फीडबैक प्रस्तुत किया गया जिसमे दुर्ग सम्भाग से फीडबैक आस्था वैष्णव ने दिया. कार्यक्रम के अंत में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से श्री गौतम पीएमश्री राज्य प्रभारी एवम राज्य सहायक कार्यक्रम समन्वयक, अनुराग जॉन एस्कॉट ,श्वेता सिंह एस्कॉर्ट , अभिषेक सहारे जोन लीडर दुर्ग की विशेष सहभागिता रही।

दक्षता, निष्पक्षता और न्याय के प्रति सतत समर्पण ही न्यायपालिका की वास्तविक शक्ति को परिभाषित करते हैं ङ्क मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। दुर्ग संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमीनार का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा जिला न्यायालय, दुर्ग में किया गया। इस सेमीनार में दुर्ग संभाग के पाँच सिविल जिलों से कुल 92 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा न्याय एवं विधिक ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक दीप का प्रज्वलन कर सेमीनार का शुभारंभ किया गया। सेमीनार में माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति रजनी दुबे, तथा माननीय श्री न्यायमूर्ति रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। माननीय मुख्य न्यायाधिपति ने नव अधिनियमित आपराधिक कानूनों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ये कानून आपराधिक न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम हैं, जिनमें तकनीकी प्रगति का समावेश किया गया है तथा अधिक प्रभावी और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है।

स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के आयोजन से ग्रामीणों को मिला लाभ

आकांक्षी विकासखंड बोड़ला में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए अनेक कार्यक्रम

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत विकासखंड बोड़ला में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया की जागरूकता गतिविधियाँ के आयोजन में विभागों की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम के दौरान ए.एन.सी. जांच, बाल वृद्धि निगरानी एवं अनुपूरक पोषण पंजीकरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जा रही है। साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं आमजन को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम हो रहा है। उल्लेखनीय की आकांक्षी विकासखंड बोडला में संपूर्णता अभियान 2.0 संचालित है। इस दौरान विभिन्न विभाग अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से स्थानीय समुदाय को लाभान्वित कर रहे है। स्वास्थ्य शिक्षा पोषण जैसे महत्वपूर्ण कारकों के द्वारा स्थानीय समुदाय को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम हो रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना एवं समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार के रूप में रेडी टू ईट का वितरण किया गया तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसा गया।

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में फीस लागू करने का निर्णय गरीबों के सपनों पर प्रहार - ऋषि शास्त्री

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुल्क वसूली के निर्णय को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। इस मुद्दे पर युवा कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए फैसले को गरीब एवं मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ बताया है।

ऋषि शास्त्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना का मूल उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क, गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराना था। इस योजना ने प्रदेश के लाखों परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर दिया और सरकारी शिक्षा व्यवस्था में एक सकारात्मक बदलाव लाया।उन्होंने कहा कि हाल ही में सामने आई खबरों के अनुसार अब इन विद्यालयों में विभिन्न मदों के तहत छात्रों से शुल्क वसूला जाएगा, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। पहले से ही महंगाई और आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आत्मानंद विद्यालयों का सहारा लेते हैं, लेकिन अब फीस लागू कर उनके सपनों पर कुठाराघात किया जा रहा है,ज्ज शास्त्री ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर सरकार च्सुशासनज्ज् के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधा पर शुल्क लगाकर आम जनता को उससे वंचित किया जा रहा है। च्यह दोहरी नीति अब जनता के सामने उजागर हो चुकी है। शिक्षा को अधिकार के बजाय कमाई का जरिया बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी और जनहितकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के बजाय उन्हें कमजोर करने का कार्य कर रही है। शास्त्री ने कहा च्स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना ने सरकारी स्कूलों की छवि बदली थी, लेकिन अब इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, शिक्षा कोई व्यापार नहीं है, यह सरकार की जिम्मेदारी है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अंत में शास्त्री ने प्रदेश सरकार से मांग की कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शुल्क वसूली के निर्णय को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, ताकि गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

बाकल, खपरीकला, साकल सेक्टर में पंचायत व बूथ कांग्रेस अध्यक्ष का गठन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। तुमडीबोड़ मंडल के प्रभारी अशोक फड़नवीस , सूरज शर्मा मंडल अध्यक्ष हेमसिंह व सेक्टर प्रभारी गोवर्धन वर्मा की उपस्थिति में बैठक आहूत किया गया पुजा अर्चना के पश्चात कार्यकर्ताओ ने प्रभारीयो का गर्मजोशी से स्वागत किया । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि उदयपुर शिविर में लिए गए निर्णय को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे श्री राहुल गांधी प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज एवं जिला अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देश का पालन करते हुए संगठन को मजबूत करने बुथ चलो अभियान के अनुसार जमीनी स्तर पर पार्टी के विचार धारा व उसके सिद्धांत को जनता तक पहुंचाने संकल्प लिया गया जनता तक भाजपा सरकार के कार्यकाल में बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के साथ महिलाओं और युवाओं को रोजगार से वंचित रखा गया है सरकार की वादा खिलाफी कार्य को गांव गांव तक लेजाने के लिए हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है इसके लिए कांग्रेस संगठन ने गांव गांव मीडिया प्रभारीयो की नियुक्ति करना है श्री फड़णवीस ने बताया कि बूथ व पंचायत की कमेटी में वर्तमान एव पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी युवाओं,महिलाओं का भी जिन जनप्रतिनिधियों निवास है उन्हें उसी बूथ में प्राथमिकता के साथ टीम का हिस्सा बनाया जाएं ताकि उनके अनुभव का लाभ मिल सके । प्रभारी फड़णवीस मंडल अध्यक्ष हेमसिंग साहू सेक्टर प्रभारी गोवर्धन वर्मा सूरज शर्मा की उपस्थिति में बाकल , खपरीकला के कांग्रेस जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में चर्चा कर सर्वसहमति से वार्ड अध्यक्ष एवं बुथ अध्यक्ष एव पदाधिकारियों का गठन किया गया। आयोजित की गई बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष हेम सिंग साहू एवं सेक्टर प्रभारी गोवर्धन वर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी तीरथ निषाद , घनश्याम सिंह, गुमान साहू, रूपलाल सिरमौर, बीरेंद्र राजपूत , दुलारी बाई , नंदनी माहेश्वरी , देवेंद्र साहिल करन यादव , राजकुमार खरे , देवराज गहने आदि की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

धर्म समाचार....

वैशाख अमावस्या पर करें तुलसी चालीसा का पाठ, जानिए इसके लाभ और महत्व

वैशाख महीने की अमावस्या तिथि का बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है। यह दिन पितरों के तर्पण, पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य के लिए समर्पित है। लेकिन इस पावन तिथि पर तुलसी पूजन और तुलसी चालीसा का पाठ करने का भी बड़ा महत्व है। तुलसी पूजा से न केवल घर की दरिद्रता दूर होती है, बल्कि भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा भी मिलती है। शास्त्रों में तुलसी को हरिप्रिया कहा गया है। वहीं, वैशाख अमावस्या (ङ्कड्डद्बह्यद्धड्डद्यद्ध-द्बड्ड1ड्डह्य4ड्ड 2026) के दिन तुलसी चालीसा का पाठ परम फलदायी माना गया है। आइए इससे जुड़ी प्रमुख बातों को जानते हैं।

तुलसी चालीसा पाठ के 3 चमत्कारी लाभ

इस दिन तुलसी चालीसा का पाठ कर उसकी मंजरी भगवान विष्णु को अर्पित करने से पितरों को मोक्ष मिलता है और परिवार पर लगा पितृ दोष समाप्त होता है। अगर आपके घर में छोटी-छोटी बातों पर झगड़े होते हैं, तो अमावस्या की शाम तुलसी के पास घी का दीपक जलाकर चालीसा का पाठ करें। इस पावन तिथि पर तुलसी चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति के अंदर सकारात्मक विचारों का संचार होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

कैसे करें वैशाख अमावस्या पर तुलसी पूजन ?

सुबह स्नान के बाद सबसे पहले सूर्य देव को जल दें, फिर तुलसी के पौधे में शुद्ध जल अर्पित करें। साफआसन पर बैठकर शांत मन से 'तुलसी चालीसा' का पाठ करें। पाठ के दौरान अपना मुख पूर्व या उत्तर दिशा की ओर रखें। पाठ पूरा होने के बाद तुलसी के पौधे की तीन बार परिक्रमा करें और अपनी मनोकामना दोहराएं। शाम के समय तुलसी की जड़ के पास एक मुखी घी का दीपक जलाएं। अंत में आरती करें।

।।श्री तुलसी चालीसा।।

(दोहा)
श्री तुलसी महारानी, करूं विनय सिरनाय।
जो मम हो संकट विकट, दीजै मात नशाय।।
(चौपाई)
नमो नमो तुलसी महारानी, महिमा अमित न जाय बखानी।
दियो विष्णु तुमको सनमाना, जग में छायो सुयश महाना।।
विष्णुप्रिया जय जयति भवानि, तिहूँ लोक की हो सुखखानी।
भगवत पूजा कर जो कोई, बिना तुम्हारे सफल न होई।।
जिन घर तव नहिं होय निवासा, उस पर करहिं विष्णु नहिं बासा।
करे सदा जो तव नित सुमिरन, तेहिके काज होय सब पूरन।।
कातिक मास महात्म तुम्हारा, ताको जानत सब संसारा।
तव पूजन जो करैं कुंवारी, पावै सुन्दर वर सुकुमारी।।
कर जो पूजन नितप्रति नारी, सुख सम्पत्ति से होय सुखारी।
वृद्धा नारी करै जो पूजन, मिले भक्ति होवै पुलकित मन।।
श्रद्धा से पूजै जो कोई, भवनिधि से तर जावै सोई।
कथा भागवत यज्ञ करावै, तुम बिन नहीं सफलता पावै।।
छायो तब प्रताप जगभारी, ध्यावत तुमहिं सकल चितधारी।
तुम्हीं मात यंत्रन तंत्रन, सकल काज सिधि होवै क्षण में।।
औषधि रूप आप हो माता, सब जग में तव यश विख्याता।
देव रिषी मुनि औ तपधारी, करत सदा तव जय जयकारी।।
वेद पुरानन तव यश गाया, महिमा अगम पार नहिं पाया।
नमो नमो जै जै सुखकारनि, नमो नमो जै दुखनिवारनि।।
नमो नमो सुखसम्पति देनी, नमो नमो अघ काटन छेनी।
नमो नमो भक्तन दु:ख हरनी, नमो नमो दुष्टन मद छेनी।।
नमो नमो भव पार उतारनि, नमो नमो परलोक सुधारनि।
नमो नमो निज भक्त उबारनि, नमो नमो जनकाज संवारनि।।
नमो नमो जय कुमति नशावनि, नमो नमो सुख उपजावनि।
जयति जयति जय तुलसीमाई, ध्याऊँ तुमको शीश नवाई।।
निजजन जानि मोहि अपनाओ, बिगड़े कारज आप बनाओ।
करूँ विनय मैं मात तुम्हारी, पूरण आशा करहु हमारी।।
शरण चरण कर जोरि मनाऊं, निशदिन तेरे ही गुण गाऊं।
करहु मात यह अब मोपर दाया, निर्मल होय सकल ममकाया।। मंगू मात यह बर दीजै, सकल मनोरथ पूर्ण कीजै।
जनूं नहिं कुछ नेम अचारा, छमहु मात अपराध हमारा।।
बरह मास करै जो पूजा, ता सम जग में और न दूजा।

सूखने के बाद तुलसी की मंजरी को फेंकने की न करें गलती, ये 2 उपाय खाली नहीं होने देंगे तिजोरी

हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा केवल एक पौधा नहीं, बल्कि साक्षात देवी का स्वरूप माना गया है। मान्यता है कि जो व्यक्ति रोजाना विधि-विधान से तुलसी माता की पूजा-अर्चना करता है, उसके घर-परिवार में हमेशा सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। तुलसी के पत्तों के साथ-साथ इसकी 'मंजरी' का भी धार्मिक और वास्तु शास्त्र में विशेष महत्व बताया गया है। आइए पढ़ते हैं मंजरी के कुछ अचूक उपाय।



मंजरी के लाभकारी उपाय- तुलसी, भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय हैं। ऐसे में अगर आपके पौधे पर मंजरी आ गई है, तो उसे साफपानी से धोकर आप श्री हरि विष्णु की पूजा (विशेषकर गुरुवार के दिन) में अर्पित कर सकते हैं। ऐसा करने से जातक को धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। पूजा के बाद इस मंजरी को एक साफ लाल कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी या पर्स में रख लें। आर्थिक तंगी दूर करने के लिए यह उपाय लाभकारी माना गया है।

नेगेटिविटी से मिलेगा छुटकारा

आप मां लक्ष्मी की पूजा में भी मंजरी अर्पित कर सकते हैं। इससे घर में बरकत आती है और धन प्राप्ति के नए मार्ग खुलते हैं। इसके साथ ही अगर आप नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो इसके लिए साधारण जल में थोड़ा-सा गंगाजल मिलाएं और उसमें मंजरी डालें। इसके बाद इस पानी का छिड़काव पूरे घर में करें।

nandgaon times april-12-3.qxd 4/11/2026 10:35 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, ग्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

छुईखदान ब्लॉक में अवैध ईंट भट्टों का जाल, हर महीने लाखों का नुकसान - फिर भी कार्रवाई नहीं

छुईखदान/केसीजी (नांदगांव टाइम्स)। छुईखदान ब्लॉक सहित पूरे जिले में अवैध ईंट भट्टों का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिना अनुमति संचालित भट्टों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हर तरफ अवैध भट्टे, कार्रवाई शून्य

स्थानीय जानकारी के अनुसार, जिलेभर में बहुत से अवैध ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश भट्टे बिना किसी वैध अनुमति के चल रहे हैं, बावजूद इसके संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। छुईखदान ब्लॉक में तो स्थिति और गंभीर है, जहां चारों ओर अवैध भट्टों का संचालन खुलेआम किया जा रहा है।

हर महीने लाखों का राजस्व नुकसान

इन अवैध भट्टों के कारण शासन को हर महीने लाखों रुपये की राजस्व हानि हो रही है। खनिज रायल्टी का बड़ा हिस्सा अवैध रूप से संचालित इस कारोबार में दब रहा है, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

नियमों के बावजूद खुलेआम उल्लंघन

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मिट्टी से ईंट बनाने पर रोक के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन इसके बावजूद जिले में बड़े पैमाने पर लाल ईंट का निर्माण जारी है।

पर्यावरण और खनिज विभाग की अनुमति के बिना संचालित इन भट्टों को बंद कराने का अधिकार खनिज विभाग के पास है, फिर भी विभाग की चुप्पी लोगों को हैरान कर रही है।

छूट का दुरुपयोग, रसूखदार सक्रिय

बताया जा रहा है कि कुम्हार समाज को दी गई सीमित छूट का लाभ उठाकर कई

रसूखदार लोग अवैध रूप से बड़े स्तर पर ईंट निर्माण कर रहे हैं और मोटी कमाई कर रहे हैं। खनिज विभाग के अनुसार, जिले में मिट्टी से ईंट बनाने वाले अधिकांश भट्टे अवैध रूप से संचालित हैं और लगभग 60त्न गांवों में यह कारोबार गैरकानूनी तरीके से चल रहा है।

सूचना के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

इन अवैध गतिविधियों की जानकारी माइनिंग विभाग के अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है। इसके बावजूद न तो मौके पर कार्रवाई हुई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब दिया गया।

स्थानीय पत्रकारों द्वारा संपर्क करने पर भी माइनिंग इंस्पेक्टर का फोन रिसीव नहीं किया गया, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पर्यावरण पर भी खतरा

अवैध ईंट भट्टों से निकलने वाला धुआं और प्रदूषण आसपास के गांवों के पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। खेती-किसानी पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है।

सवालों के घेरे में जिम्मेदार विभाग

खनिज और राजस्व विभाग की लगातार अनदेखी के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विभाग को पूरी जानकारी है, तो आखिर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?

सख्त कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों और पत्रकारों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि छुईखदान ब्लॉक सहित पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाया जाए और अवैध ईंट भट्टों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है या यह अवैध कारोबार यूं ही फलता-फूलता रहेगा।

गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम आसरा में सघन जनसंपर्क

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे च्चांव चलो, बस्ती चलोज्

अभियान के अंतर्गत ग्राम आसरा में सघन जनसंपर्क एवं सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति राजनांदगांव जागृति यदु उपस्थित रहीं। इस अवसर पर श्रीमती यदु ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का गमछा भेंटकर सम्मान किया तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी हैं और इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, भाजपा नेता चुन्नी यदु, सेवा सहकारी समिति कोकपुर के प्राधिकृत अधिकारी, ललिता साहू, भागवत चंद्रवंशी (मंडल अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ), चेतन साहू, आत्माराम साहू, शिवराम साहू, शंभू साहू, रमन साहू, मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया और आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की।

महापौर सुबह पहुंचे शांति नगर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर निगम का अमला द्वारा व्यापक तैयारी कर साफ सफाई मे जोर दिया जा रहा है तथा जनमानस को स्वच्छता से जोडने, स्वच्छता अपनाने समझाईस दी जा रही है। इसके लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है। सफाई निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह चिखली,शांतिनगर का भ्रमण कर सफाई कर्मियो को सफाई के संबंध में दिशा निर्देश दिए। वही चिखली स्कूल मैदान में खिलाडियो से रूबरू हो मैदान संधारण करने अधिकारियो को निर्देशित किए। वार्ड नं. 10 शांतिनगर का महापौर श्री यादव ने जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद श्रीमती श्रुति जैन, पार्षद प्रतिनिधि श्री लोकेश जैन के अलावा प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे व श्रीमती रोमाली शेण्डे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री पवन कूर्रे तथा निगम के अमला के साथ भ्रमण कर ससाफसफई का जायजा लिए। उन्होने कहा कि वार्ड मे साफसफई का विशेष ध्यान रखा जाए, नालियो की नियमित सफई कर कचरा उठावे, लोगो को सफई से जोडे, उन्हें अपने घर के आस पास सफई रखने तथा कचरा स्वच्छता दीदीयो को देने समझाईस देवे। महापौर श्री यादव ने रमन बाजार की प्रतिदिन सफई करने तथा डबरी तालाब के आस पास साफ सफई कर कटिली झाडिया काटने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होने सुरक्षा की दृष्टि से तालाब में फैसिंग करने तथा टो वाल मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करने तकनीकि अधिकारी से कहा। चिखली स्कूल मैदान में खिलाडियो से मुलाकात कर एथलेटिक्स खेल के लिए मैदान तैयार करने तथा मंच को व्यवस्थित करने संबंधित इंजिनियर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदान में खेल के लिए आवश्यक व्यवस्था के साथ साथ साफ सफई करना सुनिश्चित करे। इसी प्रकार चिखली शासकीय प्रेस के पीछे मैदान की अच्छे से सफई कर व्यवस्थित करने कहा। निरीक्षण के दौरान खिलाडी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग में स्थायीकरण पर सवाल, 70 सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा बढ़ी, 100 से अधिक के दस्तावेज गुम

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। रायपुर छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापकों के स्थायीकरण को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है, जिससे प्रभावित शिक्षकों में असंतोष और चिंता का माहौल है। वर्ष 2019 में 1384 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा, साक्षात्कार और पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इसके बाद लगभग 1100 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति वर्ष 2022 में तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की गई। 27 मार्च 2026 को राज्य शासन द्वारा 862 सहायक प्राध्यापकों के स्थायीकरण के आदेश जारी किए गए। हालांकि, इन आदेशों में 70 सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि 1 से 2 वर्ष तक बढ़ा दी गई, जिसे लेकर भेदभाव और मनमानी के आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रभावित शिक्षकों का कहना है कि शासन के निर्धारित नियमों की अनदेखी कर यह निर्णय लिया गया है।

गंभीर अनियमितताओं के आरोप

मामले में कई गंभीर आरोप सामने आए हैं। शिक्षकों का कहना है कि गोपनीय प्रतिवेदन (ष्ठक्र) में प्राचार्यों द्वारा बिना ठोस साक्ष्य और बिना कक्षा कार्य के प्रत्यक्ष अवलोकन के प्रतिकूल टिप्पणियाँ दर्ज कर दी गईं। साथ ही, संबंधित शिक्षकों को इसकी सूचना भी

नहीं दी गई, जो नियमों के विपरीत है।

इसके अलावा, उच्च अधिकारियों द्वारा इन प्रतिवेदनों की समुचित समीक्षा नहीं किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दस्तावेज गुम होने से बढ़ी समस्या

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब यह जानकारी सामने आई कि 100 से अधिक सहायक प्राध्यापकों के पुलिस वेरिफिकेशन प्रमाण-पत्र और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज संचालनालय एवं मंत्रालय स्तर से गायब हो गए हैं। इन दस्तावेजों के अभाव में संबंधित शिक्षकों की स्थायीकरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और उन्हें प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

मानसिक और व्यावसायिक असर

इस पूरे घटनाक्रम का असर शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, करियर स्थिरता और पारिवारिक स्थिति पर पड़ रहा है। लंबे समय से सेवा दे रहे इन शिक्षकों में भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

निष्पक्ष जांच की मांग

प्रभावित सहायक प्राध्यापकों ने शासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सभी पात्र शिक्षकों को स्थायीकरण का लाभ दिया जाए, ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके।

खबर का असर

मृत्यु शय्या में पड़े व्यक्ति की सुध ली ...

गहरी नींद से जागा शासन-प्रशासन



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जीवन मृत्यु के बीच झूल रहे आदिवासी युवक की सुध ली, शासन प्रशासन ने। अधमरे व्यक्ति को इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस सर्विस के माध्यम से मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। कल सोशल मीडिया के माध्यम से हमने मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के वनांचल क्षेत्र मानपुर के नवाटोला (जंगल) में आदिवासी युवक की खबर चलाई थी जिसमें उक्त आदिवासी युवक इलाज के आभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा था। खबर को त्वरित संज्ञान में लेकर क्षेत्रीय विधायक इंदर शाह मंडावी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित आदिवासी के घर जंगल में पहुंच गए। वहीं स्वास्थ विभाग के बीएमओ डॉ.खोबरागड़े भी अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचकर पीड़ित को 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से मानपुर हॉस्पिटल उचित इलाज हेतु लेकर चले गए। वहीं विधायक महोदय द्वारा पीड़ित के माता-पिता को आर्थिक सहयोग भी किया गया। साथ ही परिजनों को आश्वस्त किया कि पीड़ित का इलाज बेहतर तरीके से किया जायेगा। वनांचल क्षेत्र में इस प्रकार के दृश्य का होना अचंभित होने वाली बात नहीं है, स्वास्थ विभाग और जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र का निरंतर दौरा करते रहे तो वनांचल का कोई भी आदिवासी बिना दवा-गोली और बिना इलाज के नहीं मरेगा।

सभापति जागृति चुन्नी यदु ने ग्राम मचानपार में आंगनबाड़ी भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मचानपार में आज विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई।भाजपा जिला उपाध्यक्ष व राजनांदगांव जिला पंचायत की सभापति जागृति चुन्नी यदु के मुख्य आतिथ्य में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर गांव के विकास हेतु अन्य कार्यों की भी घोषणा एवं शुरुआत की गई। पटेल भवन में टाइल्स कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवन में टाइल्स कार्य के लिए 4 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष तुमडीबोड़ जागेश्वर यादव ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में चुन्नी यदु डोमेश्वर पटेल एवं नारद साहू उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी कार्यक्रम में शामिल होकर विकास कार्यों के प्रति उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी इसी तरह जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ग्राम सिंघोला लखपति ग्राम की श्रेणी में शामिल होने की ओर अग्रसर

कलेक्टर ने ग्राम सिंघोला में महिला समूह द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों का किया अवलोकन

कलेक्टर ने समूह की महिलाओं को किया प्रोत्साहित, आर्थिक समृद्धि के लिए दिए सुझाव

ग्राम सिंघोला की 31 महिला स्वयं सहायता समूह की 318 समूह सदस्यों ने विभिन्न आयमूलक गतिविधि से जुड़ते हुए लखपति दीदी ग्राम बनने की ओर बढ़ाए कदम

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला को शत-प्रतिशत लखपति ग्राम की श्रेणी में शामिल करने के संबंध में ग्राम सिंघोला की लखपति दीदीयों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह उपस्थित रही। कलेक्टर ने लखपति दीदीयों से उनकी आजीविका मूलक गतिविधियों के संबंध में चर्चा की तथा आवश्यकतानुसार आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि करने के लिए सुझाव दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत की 70 से अधिक लखपति दीदीयों से संवाद किया तथा उनके भविष्य की योजनाओं को मूर्त रुप देने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने लखपति दीदी लाया साहू की इलेक्ट्रिक दुकान एवं अनीता साहू की प्लास्टिक बोरी सिलाई इकाई का भ्रमण कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने

ग्राम पंचायत की सभी दीदियों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, महतारी भवन सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने तथा आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक सहायता करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम की 5 लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (विहान) अंतर्गत देश की 3 करोड़ लखपति दीदी के लक्ष्य में अपनी भागीदारी निभाते हुए राजनांदगांव जिले की 39771 लखपति दीदी ने विभिन्न गतिविधि के माध्यम से विविध आय के स्त्रोत तैयार कर लिया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिंघोला में सभी 31 महिला स्वयं सहायता समूह की 318 समूह सदस्यों ने विभिन्न आय मूलक गतिविधि से जोड़ते हुए लखपति दीदी ग्राम बनने की ओर अग्रसर हुए है। जिससे बहुत जल्द ही ग्राम पंचायत सिंघोला शत-प्रतिशत लखपति ग्राम की श्रेणी में दर्ज किया जा सकेगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती खुशबू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सरपंच, पंच, सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com